an>

Title: Need to take steps to clean ponds in the country.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय सभापति जी, जल का संकट सर्वविदित है, सब इसके बारे में जानते हैं। इसे समग्र रूप से हल करने की चिंता माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार कर रही है। 'पर ड्राप मोर क्राप' इसका हिस्सा है। पांच लाख तालाबों को पुनर्जीवित करने की योजना सरकार ने ली है। इन तालाबों के पुनर्जीवन करने का काम मनरेगा की जो शर्तें हैं, उसके हिसाब से संभव नहीं है। मेरठ जनपद में 101 तालाब पिछले वर्ष लिए गए, उसमें दो करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया और एक करोड़ रुपए खर्च भी हो गए लेकिन तालाबों की कुछ भी सफाई नहीं हो पाई।

महोदय, जिस प्रकार जल का संकट है, मेरा निवेदन है कि बड़ी मशीनों का उपयोग करके युद्धस्तर पर इन तालाबों को साफ किया जाए। मनरेगा नियम बदले, मैं समझता हूं कि शायद यह संभव नहीं है। पूरे देश में इस प्रकार का अभियान चलाकर त्वरित गति से तालाबों को साफ किया जाना चाहिए ताकि तालाबों की धारण क्षमता बढ़े और जल का स्तर निरंतर घटता जा रहा है, वह सुधरे। मेरा आपके माध्यम से सरकार से यही निवेदन है।

माननीय सभापति :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

श्री ओम बिरला को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।